Digital Edition

# डेमोक्रेटिक फ्रंट

Website : www.demokraticfront.com

वीरवार, 12 दिसंबर 2024 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4 चंडीगढ़ E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362

## एक नजर

### समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश




**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बुधवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी। जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिक विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें लेकर पहुंचे। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। 10 दिसंबर तक के आंकड़ों के अनुसार परिवार पहचान पत्र की 105 शिकायतों में से 92 का समाधान किया जा चुका है। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर को पूरी गंभीरता से लें, शिविर का उद्देश्य मौके पर ही शिकायतों का समाधान करना है। शिकायतों के समाधान में देरी किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी व लापरवाही करने पर संबंधित अधिकारी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर प्रदेश सरकार की अनुकरणीय पहल है। शिविर न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता का प्रतीक हैं, बल्कि आमजन और अधिकारियों के बीच संवाद का एक मजबूत माध्यम बन गए हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता की शिकायतें प्राथमिकता से सुनी जाएं और मौके पर ही समाधान प्रदान करते हुए नागरिकों को राहत दी जाए। समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से जुड़ी सेवाएं और जानकारी मिलती है। समाधान शिविर जनता की समस्याओं को हल करने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का समाज पर सकारात्मक प्रभाव है। नागरिक इस आयोजन की सराहना कर रहे हैं और आए दिन शिविरों में अपनी शिकायतों का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। शिविर के आयोजन जैसे महत्वपूर्ण प्रयास प्रशासन की कार्यक्षमता और जिम्मेदारी में भी सुधार करता है। इस प्रयास से प्रशासन में न केवल जनता का विश्वास बढ़ रहा है, बल्कि यह सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तर के अलावा उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वह अपने संबंधित उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में भी शिकायतों के समाधान के लिए जा सकते हैं। इस अवसर पर हिसार एसडीएम हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, डीएफएससी अमित शेखावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करेगी राज्य सरकार

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने बताया कि सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण, अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा ने मादक एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए राज्य पुरस्कार प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अवार्ड डॉट सोशलजस्टिसएचआरवाई डॉट जीओवी डॉट आईएन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किए हैं। वर्ष 2024-25 के लिए मादक एवं नशीले पदार्थों पर रोकथाम के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों, नशा मुक्ति केंद्रों और संस्थाओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। ये पुरस्कार 9 श्रेणियों जैसे सर्वश्रेष्ठ नशा मुक्ति केंद्र, सर्वश्रेष्ठ पंचायती राज संस्था, सर्वश्रेष्ठ स्थानीय निकाय संस्थान, सर्वश्रेष्ठ स्कूल व कॉलेज के अलावा विशेष जागरूकता अभियान, रोग निवारक अभियान, प्रोफेशनल और नॉन प्रोफेशनल उपलब्धियों के लिए दिए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि प्रथम पुरस्कार विजेता को 50 हजार रुपये, द्वितीय को 30 हजार रुपये तथा तृतीय को 20 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## गौ हत्या के विरोध में पंजाब के हिन्दू संगठनों को विश्व हिन्दू तख्त ने दिया समर्थन : शांडिल्य

### शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता के निवास पर विश्व हिन्दू तख्त व एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया प्रमुख वीरेश शांडिल्य का जोरदार स्वागत

### सुखबीर बादल से मिलकर विश्व हिन्दू तख्त व शिव सेना हिंदुस्तान पंजाब में हिन्दू सिख भाईचारा मजबूत करेगा





**डेमोक्रेटिक फ्रंट अंबाला.** पंजाब में हिन्दू संगठनों द्वारा गौ हत्या के विरोध में डीसी दफ्तरो के बाहर दिए जाने वाले धरने को विश्व हिन्दू तख्त व एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया अपना समर्थन दिया यह घोषणा आज विश्व हिन्दू तख्त व एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने पटियाला में शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता के निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे, पवन गुप्ता ने अपने निवास पर पहुँचने पर वीरेश शांडिल्य का जोरदार स्वागत किया व उन्हें भगवा दोशाला पहनाकर उनका सम्मान किया इस मौके पर एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र पाल केके , फ्रंट के पंजाब के कार्यकारी प्रधान मनीष पासी हरियाणा के प्रभारी गोल्डी पाहवा व शिव सेना हिंदुस्तान के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

शांडिल्य ने कहा की जिस देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो गृह मंत्री अमित शाह हो जिन्होंने राम मंदिर बनाने को लेकर लंबा संघर्ष किया और सनातन को मजबूत करने की मुहिम छेडे हुए है उसके बावजूद भी इस देश के राज्यों में गौ हत्या हो रही है वीरेश शांडिल्य ने कहा पंजाब में बढ़ती गौ हत्याएं सनातन को कमजोर करने की गहरी साजिश है वीरेश शांडिल्य ने कहा की गौ हत्या करने वाले उनकी नजरो में आतंकवादी व सनातन धर्म विरोधी है उन्होंने कहा की गऊ हिन्दुओं की माता है और उसमे 84 करोड़ देवी देवताओं का वास है और पंजाब सरकार गौ हत्या रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है जिसको लेकर अब पंजाब संगठन अब सड़को पर उतर आये है और 16 दिसंबर को शिव सेना हिंदुस्तान सहित पंजाब के तमाम हिन्दू संगठन डीसी दफ्तरो पर धरना देंगे और विश्व हिन्दू तख्त के पददअधिकारी व कार्यकर्ता भी गौ हत्या के विरोध में हिन्दू संगठनों के साथ खड़े होंगे। विश्व हिन्दू तख्त व एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य व शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा देश में किसी कीमत पर भी गौ हत्या व सनातन विरोधी विचारधारा को पनपने नहीं दिया जायेगा वही शांडिल्य ने कहा की पंजाब की अमन और शांति के लिए उनका संगठन पवन गुप्ता के साथ लम्बे समय से संयुक्त मुहिम छेड़े हुए है । उन्होंने कहा की पंजाब में किसी कीमत पर भी आतंकवाद खालिस्तान को सर उठाने नहीं दिया जायेगा इसके लिए विश्व हिन्दू तख्त व शिव सेना हिंदुस्तान सड़को से लेकर अदालती लढ़ाई लड़ने के लिए हर वक्त तैयार है । एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व शिव सेना हिंदुस्तान प्रमुख पवन गुप्ता ने पवित्र श्री हरमंदिर साहिब में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल की हत्या को साजिश रचने के पीछे पापकिस्तान को आईएसआई आतंकी संगठन बब्बर खालसा व खालिस्तानियों का हाथ है और दरबार साहिब में सुखबीर बादल की हत्या पंजाब में आतंकवाद का नीव रखने की शुरुआत थी जिस घटना एटीएफआई विश्व हिन्दू तख्त व शिवसेना हिंदुस्तान निंदा करता है और सुखबीर बादल की हत्या की साजिश की जांच एनआईए से करवाने की मांग की है । वही शांडिल्य ने कहा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व पंजाब के डीजीपी गौरव यादव सहित समुचि पंजाब पुलिस को गंभीर होना होगा अन्यथा पंजाब में आतंकवाद का पुराना दौर फिर शुरू होने की साजिशे सर चढ़कर बोलने लगी है एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने कहा की सुखबीर सिंह बादल की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा अधिकारीयों को तुरंत बब्बर खालसा के आतंकवादी व बडैल जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड नारायण सिंह चौरा को मौत के घाट उतार देना चाहिए था उन्होंने कहा की इससे पहले भी पंजाब पुलिस की सुरक्षा के बीच हिन्दू नेता सुधीर सुरी की हत्या कर दी गयी और हत्यारा जीवित छोड दिया गया पंजाब पुलिस को पंजाब की रक्षा के लिए हत्यार उठाने होंगे और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को खालिस्तान के खिलाफ विधानसभा में सर्वदालीय बैठक बुलाकर खालिस्तान मुहीम के खिलाफ कानून पास करना चाहिए वही एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने आज शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में घोषणा की पंजाब में हिन्दू सिख भाईचारे को मजबूत करेंगे व खालिस्तान के खिलाफ मुहिम छेडेंगे वही वीरेश शांडिल्य ने कहा की अब तो श्री अकल तख्त व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को यह पता चल गया होगा की बब्बर खालसा से जुड़े लोग बंदी सिख नहीं बल्कि आतंकवादी है जिन्होंने पवित्र दरबार साहिब में सरदार प्रकाश सिंह बादल के बेटे सुखबीर बादल की हत्या करने की कोशिश की जब सुखबीर बादल श्री अकाल तख्त द्वारा दी गयी सजा को पूरा कर रहे थे और बब्बर खालसा के आतंकवादी चौरा ने सुखबीर सिंह बादल पर नहीं बल्कि दरबार साहिब पर हमला किया ऐसे में वीरेश शांडिल्य ने श्री अकाल तख्त के जथेदार व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान से मांग की है की आतंकवादी नारायण सिंह चौरा सहित बब्बर खालसा के तमाम आतंकवादियों पंथ से बाहर करने का हुकुम सुनाये इससे हिन्दू सिख भाईचारा मजबूत होगा वही वीरेश शांडिल्य ने गृह मंत्री अमित शाह से मांग की है।

### सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने 48 लाख से आई नई सीवर जेटिंग कम सेक्शन मशीनों का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र यमुनानगर के अंतर्गत 48 लाख रुपए की लागत से आई नई सीवर जेटिंग कम सेक्शन मशीनों का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया यह दोनों मशीनें पब्लिक हैल्थ विभाग द्वारा मंगाई गई है पहले पब्लिक हैल्थ विभाग द्वारा एक मशीन से सीवरेज को क्लीन करने का कार्य किया जा रहा था अब दो मशीनों और आने से कुल तीन मशीनें हो गई है इससे यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में सीवरेज को क्लीन करने में कम समय लगेगा व आमजनता को इससे बहुत लाभ मिलेगा। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि वह लगातार सक्रिय रहकर अपने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में हरियाणा भाजपा सरकार के माध्यम से लगातार नए-नए विकास कार्य करवा रहे हैं जिससे आमजन को काफी राहत मिल रही है, विकास कार्य की रफ्तार आगे भी ऐसे ही लगातार जारी रहेगी।

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन ने आयुक्त को माँग पत्र सौंपाः मनोज



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा से मिला। इस दौरान यूनियन की लंबित पड़ी मांगों को लेकर एक मांग पत्र आयुक्त को सौंपा गया। मांगपत्र में विभिन्न मांगे रखी गई जिनमें विशेष रूप से अनुबंधित सफाई कर्मचारियों का वर्ष 2017 से समान काम समान वेतन का जो एरिया लंबित पड़ा हुआ उसका शीघ्र भुगतान किया जाए, पक्के सफ़ाई कर्मचारियो की एलटीसी भुगतान समय किया जाए, पक्के सफाई कर्मचारियों का एसीपी समय पर लगाया जाए,अनुबंध सफ़ाई कर्मचारियों को वर्दी जूता के पैसे सैलरी में लगाए जाएं,अनुबंध सफाई कर्मचारियों की त्योहारों की छुट्टियां दी जाए, सफाई कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड बनाए जाए। इस अवसर पर

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन मांगों को पूरा किया जाएगा। वंही यूनियन अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया जा रहा है।

### गीता जयंती महोत्सव के चौथे दिन हुआ गीता महायज्ञ



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** आध्यात्मिक गीता-ज्ञान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में रामपुरा मौहल्ला स्थित गीता भवन मंदिर में चल रहे 75वें गीता जयंती महोत्सव के चौथे दिन गीता भवन मंदिर के प्रशासक पद पर नियुक्त कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. राजवीर सिंह की देखरेख में प्रात: गीता महायज्ञ किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान समाजसेवी नरेश कक्कड़ व मोनिका कक्कड़ रहे। पंडित धर्मेंद्र मिश्रा ने गीता के 18 अध्यायों के श्लोक पढ ?र विधिपूर्वक हवन करवाया। बता दें कि हिसार में प्रथम गीता जयंती समारोह मनाने का श्रेय गीता भवन व इसके संस्थापक ब्रह्मलीन डॉ. बृजमोहन फिदा को जाता है। पिछले 75 वर्षों से यही परम्परा चली आ रही है। गीता का प्रचार करने में गीता भवन का अमूल्य योगदान रहा है। इस अवसर पर विपिन भूटानी, कृष्ण मेहता, अत्तर चंद भूटानी, सुरेश जिंदल, सुनील मेहता, धर्मबीर ग्रोवर, कुलदीप चोपड़ा, मनोज मेहता, नंदलाल धमीजा, विजय चावला, अनिल मेहता, जितेन्द्र चावला, प्रेमलता बक्शी, सुनीता बंसल, वीना चौधरी, स्नेह बंसल, शशि मेहता, सुषमा जिंदल, वीना नागपाल, रेणू शर्मा, नारायणी देवी, राज ऐलावादी, वीना बंसल सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। महोत्सव के अंतर्गत महामंडलेश्वर स्वामी अमिता भारती, अंतर्राष्ट्रीय भजन व कथा प्रवक्ता साध्वी सुजाता कृष्णचंद्र देव व महंत श्रीकपिश्वर धाम के स्वामी चंद्र देव के सान्निध्य में 12 दिसम्बर को दोपहर बाद 3 बजे नगर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न बाजारों से होते हुए वापिस मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। रथ को पूरे रास्ते श्रद्धालु अपने हाथों से खींचेंगे। 13 दिसम्बर को सायं 4 बजे से 7 बजे तक प्रवचन व भजन-कीर्तन होगा। 14 व 15 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक व सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक प्रवचन व भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलेगा। भजन गायक सुमित मित्तल, राधिका शर्मा व जितेश राखा (लक्की) भजनों की वर्षा करेंगे।

## हरियाणा के एविएशन क्षेत्र में अमेरिका करेगा बड़ा निवेश, हिसार को होगा फायदा : अशोक सैनी



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने अमेरिका द्वारा हरियाणा के एविएशन क्षेत्र में बड़ा निवेश किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात ये है कि इस अमेरिकी निवेश से हिसार जिले को सबसे बड़ा फायदा होने वाला है। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश दिन दोगुनी व रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। निवेशकों के लिए भी हरियाणा पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मुख्यमंत्री से मुलाकात करके हरियाणा में एविएशन क्षेत्र में बड़ा निवेश करने का ऐलान किया है। इससे प्रदेश में रोजगार के लगभग एक लाख रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में अमेरिका व हरियाणा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस दौरान अमेरिकी एंबेसडर एरिक गार्सेटी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बीच हुई वार्ता में यह बात तय हुई कि अमेरिका एविएशन सेक्टर में बड़ा निवेश करेगा। इससे हिसार को बड़ा फायदा होगा और इंटीग्रेटिड एविएशन हब हिसार के लिए तकनीकी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि तय समझौते के तहत अमेरिका 1.25 मिलियर डॉलर का निवेश हरियाणा में करेगा जिससे हरियाणा का एविएशन सेक्टर तेजी से विकास करेगा। हरियाणा की कारगो क्षमता बढ़ेगी और नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा हरियाणा में इतने बड़े स्तर पर निवेश किया जाना मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व व कुशल नीतियों का परिणाम है।

मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी अमेरिका द्वारा हरियाणा में निवेश किए जाने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के विकास को गति मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह समझौता प्रदेश के विकास व युवाओं को रोजगार दिलाने की दिशा में अहम साबित होगा।

## रेप, हत्या, चोरी, लूट, डकैती व फायरिंग के बाद अब हरियाणा में बमबारी भी शुरू, कानून व्यवस्था हुई तबाह : हुड्डा

### बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे अपराधी, सत्ता के सुरूर में सो रही बीजेपी

### अपराध का सफाया करने के लिए कांग्रेस सरकार की तरह सख्त कदम उठाए बीजेपी



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** गुरुग्राम के क्लब में धमाका, फेंके गए देसी बम। कुरुक्षेत्र में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या। 35 दिन में बदमाशों के साथ पुलिस की 15 मुठभेड़, चार पुलिसकर्मियों को लगी गोली। गोली कांड से दहला रोहतक। यह पिछले कुछ दिनों के अखबारों की सुर्खियां हैं, जो हरियाणा में तबाह हो चुकी कानून व्यवस्था का सबूत दे रही हैं। यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। लगातार बढ़ रही वारदातों पर चिंता जाहिर करते हुए हुड्डा ने कहा कि रेप, हत्या, चोरी, लूट, डकैती और फायरिंग के बाद अब हरियाणा में बम फेंकने की वारदातें भी होने लगी हैं। हरियाणा की आर्थिक राजधानी गुरुग्राम में हुई बमबारी की वारदात ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में बदमाश पूरी तरह बेखौफ हैं। उन्हें पुलिस और सरकार का रत्तीभर भी डर नहीं है। बीजेपी सरकार सत्ता के सुरूर में सो रही है और अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि प्रत्येक सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा करना होता है। लेकिन बीजेपी जब से सत्ता में आई है, उसने अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह मुंह फेर रखा है। यही वजह है कि हरियाणा में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसके चलते हरियाणा में निवेश लगातार घट रहा है। क्योंकि निवेशक उसी प्रदेश में आते हैं, जहां कानून व्यवस्था बेहतर हो। लेकिन बीजेपी ने हरियाणा के कानून व्यवस्था का दिवाला पीट दिया है। इसी वजह से निवेशक हरियाणा से मुंह फेर रहे हैं और प्रदेश में नए रोजगार पैदा नहीं हो रहे व लगातार बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। बेरोजगारी बढ़ने की वजह से अपराध में और इजाफा हो रहा है। यानी बीजेपी ने अपराध और बेरोजगारी के खतरनाक कुचक्र में हरियाणा को फंसा दिया है। सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से पता चला है कि जनवरी से अगस्त तक हरियाणा में रोज 4 रेप, 3 हत्याएं, 42 वाहन चोरी और 25 घरों में चोरी की वारदातें होती आई हैं। चुनावी साल में भी ये सरकार क्राइम पर रोक नहीं लगा पाई। IPC क्राइम की बात करें तो 2013 में 72000 मामले सामने आए थे, जो आज दो गुना बढ़कर 1,25,435 हो गए हैं। क्राइम रेट की बात की जाए तो 2013 में 273 था, जो आज बढ़कर 419 हो गया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार अपनी कुंभकर्णी नींद से जागे और कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कदम उठाए। जिस तरह 2005 से लेकर 2014 के बीच कांग्रेस सरकार ने प्रदेश से अपराध का सफाया कर दिया था और सारे बदमाश हरियाणा छोड़कर भाग गए थे, अब उसी तरह के सख्त कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

## शंभु बॉर्डर मामले में 13 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी , हाई पावर कमेटी ने भी सौंपी रिपोर्ट : एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य



**डेमोक्रेटिक फ्रंट अंबाला.** शंभु बॉर्डर पर लगभग एक साल से चल रहे किसान आंदोलन के कारण नेशनल हाईवे-44 बंद है, जिससे अंबाला के व्यापारी और गरीब वर्ग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 13 दिसंबर को सुनवाई निर्धारित की है। एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में आगामी तारीख़ को बहस करेंगे जिसमें शंभु बॉर्डर को तुरंत खोलने की मांग की जाएगी। एडवोकेट शांडिल्य ने बताया कि हरियाणा सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा बॉर्डर पर किसानों को रोकने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, लेकिन इससे आम जनता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे यथास्थिति बनाए रखें और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करें। एस्वोकेट शांडिल्य ने बताया कि हाई पावर कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंप दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान नेता कमेटी को अनदेखा कर रहे हैं, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो रही है। उन्होंने कहा शंभु बॉर्डर पर ऐसा माहौल बन गया है जैसे यह भारत और पाकिस्तान के बीच का बॉर्डर हो। किसानों को समझना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रयासरत है, और वे भी सहयोग करें। एडवोकेट शांडिल्य ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बॉर्डर बंद होने के कारण अंबाला के व्यापारी भूखमरी की कगार पर हैं। नेशनल हाईवे-44, जिसे देश की जीवन रेखा कहा जाता है, बंद होने से व्यापार को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी मांगें रखने के लिए ऐसा तरीका नहीं अपनाना चाहिए, जिससे आम जनता परेशान हो। एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य ने कहा अगर किसानों को धरना देने की अनुमति चाहिए, तो वह उनके साथ है। यदि सरकार अनुमति नहीं देती है, तो हम हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेंगे पर वह बॉर्डर ब्लॉक ना करें और कानूनी ढंग से और संविधान के मुताबिक लड़ाई लड़ें । एडवोकेट शांडिल्य ने किसानों से अपील की कि वे संयम बनाए रखें और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करें। उन्होंने विश्वास जताया कि सुप्रीम कोर्ट न केवल शंभु बॉर्डर खोलने का आदेश देगा।

## एक नजर

### छात्रा धृति बरागटा को डॉक्टरेट अनुसंधान योजना के लिए 'प्रधान मंत्री फेलोशिप' प्राप्त हुई

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) की शोध छात्रा सुश्री धृति बरागटा को अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, डीएसटी, भारत सरकार, (वर्ष 2024-25) की डॉक्टरेट अनुसंधान योजना के लिए 'प्रधान मंत्री फेलोशिप' प्राप्त हुई है। पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के पर्यावरण अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार की देखरेख में शोध कर रही सुश्री धृति ब्रगटा कवक और माइकोरेमेडिएशन पर काम कर रही हैं। वह पर्यावरण अध्ययन विभाग में यह प्रतिष्ठित फेलोशिप पाने वाली पहली उम्मीदवार हैं। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के बद्दी स्थित हिग्स हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक डॉ. गौतम मधोक इस फेलोशिप के औद्योगिक साझेदार हैं।

### डॉ. बीआर अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) के डॉ. बीआर अंबेडकर केंद्र ने आज डॉ. बीआर अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के राजनीतिक अध्ययन केंद्र के प्रोफेसर नरेंद्र कुमार ने समकालीन समय में डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने समकालीन भारत और वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ में डॉ. बीआर अंबेडकर के विचारों के स्थायी महत्व को रेखांकित किया। व्याख्यान लगभग एक सदी पहले प्रतिपादित होने के बावजूद डॉ. अंबेडकर के योगदान की उल्लेखनीय प्रासंगिकता के इर्द-गिर्द घूमता रहा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कैसे डॉ. अंबेडकर के विचार और दर्शन संकट के समय मार्गदर्शन प्रदान करते रहते हैं। आज, न केवल उच्च न्यायालय और अन्य राज्य संस्थाएँ विभिन्न संकटों के मामले में डॉ. अंबेडकर की ओर देखती हैं, बल्कि आम नागरिक भी उन्हें और उनके विचारों को गहरे सम्मान और उम्मीद के साथ मानते हैं। प्रोफेसर कुमार ने आगे बताया कि पिछले 75 वर्षों में डॉ. अंबेडकर हर गुजरते दिन के साथ प्रासंगिक और महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। सामाजिक न्याय, समानता और संविधानवाद के क्षेत्रों में उनका योगदान आशा की किरण और आधुनिक समय की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। अपने व्याख्यान में प्रोफेसर कुमार ने डॉ. अंबेडकर के भाषणों और लेखन में अकादमिक रुचि के पुनरुत्थान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विभिन्न विद्वानों के जुड़ाव से नई खोजें और पुनर्व्याख्याएँ उभर रही हैं, जो उनके दर्शन में निहित सार्वभौमिक अपील और कालातीत ज्ञान की पुष्टि करती हैं। इससे पहले, डॉ. बीआर अंबेडकर केंद्र के समन्वयक प्रो. नवजोत ने अंबेडकर के दर्शन को प्रसारित करने के लिए केंद्र की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला और औपचारिक रूप से दिन के वक्ता का परिचय कराया। व्याख्यान की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के शहीद भगत सिंह अध्यक्ष प्रो. रोनकी राम ने की। यह व्याख्यान डॉ. अंबेडकर की अद्वितीय दृष्टि और अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज को आकार देने में उनकी स्थायी भूमिका की एक शक्तिशाली याद दिलाता है। व्याख्यान के बाद छात्रों और वक्ता के बीच एक स्वस्थ चर्चा हुई। व्याख्यान औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ।

### समन्वयक प्रोफेसर कश्मीर सिंह एसआरएम यूनिवर्सिटी में आईएनएसए की वार्षिक बैठक में फेलो के रूप में शामिल

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) चंडीगढ़ में जैव प्रौद्योगिकी और डीएसटी सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च के समन्वयक प्रोफेसर कश्मीर सिंह को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए), नई दिल्ली द्वारा आईएनएसए एसोसिएट फेलो चुना गया है। प्रो. कश्मीर को एसआरएम यूनिवर्सिटी, चेन्नई में आईएनएसए की वार्षिक आम बैठक में फेलो के रूप में शामिल किया गया। प्रोफेसर सिंह को प्लांट बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विशेष रूप से औषधीय रूप से महत्वपूर्ण पौधों की मेटाबोलिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए चुना गया है। प्रोफेसर सिंह ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 150 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और अपनी प्रयोगशाला में 6 से अधिक शोध परियोजनाएं चला रहे हैं।

# समानता, दुनिया भर में समान अधिकारों और न्याय के लिए चल रहे संघर्ष पर जोर देती




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री कमलजीत सिंह पंछी की अध्यक्षता में 10 दिसंबर, 2024 को मानवाधिकार दिवस मनाने के लिए होटल पार्क इन, सेक्टर 35, चंडीगढ़ में आयोजित की गई। यह तिथि 10 दिसंबर, 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (यूडीएचआर) को अपनाने और उद्घोषणा की याद दिलाती है। इस वर्ष की थीम, सभी के लिए समानता, दुनिया भर में समान अधिकारों और न्याय के लिए चल रहे संघर्ष पर जोर देती है। यह दिन मौलिक मानवाधिकारों की रक्षा और असमानताओं को दूर करने के लिए वैश्विक सहयोग का आग्रह करते हुए कार्रवाई के आह्वान के रूप में कार्य करता है। पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग, चंडीगढ़ के चेयरमैन माननीय न्यायमूर्ति संत प्रकाश इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कई सदस्यों को समाज के प्रति उनकी असाधारण सामाजिक सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया- 1. सुश्री पूजा बख्शी, 2. श्री कृपाल सिंह, 3. सुश्री शीतल नेगी, 4. डॉ. हरनेक सिंह।

मुख्य अतिथि ने मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने में मानवाधिकार परिषद के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ के अध्यक्ष और टीम को सभी पहलुओं में अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने पूरी टीम को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई भी दी। उन्होंने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर प्रकाश डाला- पंजाब मानवाधिकार आयोग का अधिकार क्षेत्र चंडीगढ़ क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। कमलजीत सिंह पंछी ने महिलाओं के उत्पीड़न, दहेज हत्या, श्रम शोषण, बाल श्रम और शारीरिक अधिकारों सहित सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मानवाधिकार दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला ! मानवाधिकार दिवस यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। इसका उद्देश्य लोगों को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना और समानता और न्याय को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाना है। उन्होंने सभी व्यक्तियों का कल्याण सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। अनिल वोहरा,चेयरमैन, ने नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया के लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उत्सव में उनके समर्थन और सक्रिय भागीदारी के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सदस्यों ने सामूहिक रूप से जनता के अधिकारों को बनाए रखने और उनकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा की और इस उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रमुख उपस्थित लोगों में शामिल थे = सम्मानित अतिथि श्री. चरणजीव सिंह अध्यक्ष सीबीएम, एसए खान, एलसी अरोड़ा, मंदीप सिंह, तरलोक सिंह, रविंदर नाथ, हरजीत सिंह, अमित जैन, नरेश बंसल, आरके शर्मा, नवदीप शर्मा, मानव बेदी, धीरज वडेरा, विकास बत्ता, सरल भोल्ला, अरविंदर सोढ़ी, गुरमीत सिंह, जोध सिंह, राजिंदर वर्मा, प्रेम ढल्ल, दीपक गिरी, सुरेश बंसल, रवि कुमार और अन्य।

## मुख्यमंत्री के आदेशों के बावजूद उन्होंने कच्चे परिवहन कर्मचारियों की मांग का समाधान नहीं किया, कर्मचारी संघर्ष करने को मजबूर हैं : गिल



डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़। 11/12/2024 को पंजाब रोडवेज पनबस/पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन पंजाब 25/11 ने चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, चेयरमैन बलविंदर सिंह रथ, जिला अध्यक्ष रेशम सिंह गिल ने बोलते हुए कहा कि परिवहन विभाग के कर्मचारी परिवहन प्रदान करने के लिए दिन-रात काम करते हैं जब भी कोरोना जैसी प्राकृतिक आपदा आए तो जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुविधाएं दी जाएं। यहां तक कि महामारी, युद्ध, बाढ़, चुनाव, दंगों सहित राजनीतिक रैलियों में भी कच्चे कर्मचारियों का ही उपयोग किया जाता है, दिए गए आदेशों के बाद भी बार-बार बैठकें कर कोई ठोस समाधान निकालने के बजाय हर दिन नए आदेश जारी किए जा रहे हैं। कच्चे कर्मचारियों की मांगों का ठोस समाधान न होना यह साबित करता है कि पंजाब में इस समय भ्रष्टाचार, ट्रांसपोर्ट माफिया और अफसरशाही सरकार पर हावी है पुरानी सरकारें और पड़ोसी राज्यों की सरकारें कच्चे कर्मचारियों की नियुक्ति करती रही हैं, हमने सरकार के साथ हुई बैठक में उन नीतियों का नोटिफिकेशन और पत्र भी सरकार को दे दिया है, आम आदमी पार्टी की सरकार लगभग सत्ता में आ चुकी है आज 3 साल पूरे हो गए मुख्यमंत्री पंजाब द्वारा 1 जुलाई को ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करने के लिए कमेटी का गठन भी किया गया, कमेटी के साथ बार-बार बैठकें की गईं, जिसमें कर्मचारियों को पक्का किया गया और आउटसोर्स पर कॉन्ट्रैक्ट किया गया। कर्मचारियों के साक्ष्य दिए गए, लेकिन हर बार अधिकारियों ने परिवहन के कच्चे कर्मचारियों के हितों को मुख्य रखते हुए नया मोड़ देने की कोशिश की, लेकिन नीति को किसी भी पक्ष पर लागू नहीं किया जा रहा है, इसके विपरीत, एक जानबूझ कर गलत नीति बनाने का प्रयास किया जा रहा है, इनमें करीब 90 प्रतिशत कच्चे कर्मचारी विभाग को चला रहे हैं और विभाग को लाभ पहुंचा रहे हैं, लेकिन अधिकारी व सरकार जानबूझ कर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का उपाय नहीं कर रही है. प्रदेश सचिव शमशेर सिंह ढिलो, सीएम उपाध्यक्ष बलजिंदर सिंह, जगजीत सिंह, रोही राम ने बोलते हुए कहा कि विभागों में 400 से ज्यादा बसें पुरानी हो चुकी हैं, इनकी कमी के कारण सरकार नई बसें लाने पर कोई ध्यान नहीं दे रही है प्रत्येक बस में 100 से अधिक यात्री यात्रा करते हैं, बसों की कमी के कारण निजी परिवहन माफिया खुल गया है और इसके विपरीत भी। सरकार किलोमीटर स्कीम में निजी मालिकों के बस सेवा विभाग का निजीकरण कर रही है, जिससे पंजाब के युवाओं को परिवहन विभाग में सरकारी नौकरी के अवसरों से वंचित किया जा रहा है, इससे स्पष्ट है कि नौकरशाही और सरकार की मिलीभगत है कॉरपोरेट घराने सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये की चपत लगा रहे हैं, जिसका यूनियन कड़ा विरोध करती है और पंजाब सरकार से मांग करती है आबादी के हिसाब से सरकारी बसों की संख्या 10,000 तक बढ़ाई जानी चाहिए ताकि पंजाब की जनता को सीटों के हिसाब से यात्रा की सुविधा मिल सके। ये अंदर और बाहर से भी गिरती हैं और आए दिन ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसके परिणाम भी सामने आते हैं ड्राइवरों और कंडक्टरों को और भी बहुत कुछ वहन करना होगा।

## परफ़ेक्ट मिनी हॉलिडे के लिए, दुबई है एक आदर्श स्टॉपओवर स्थल



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।**

दुबई एक साधारण ट्रांजिट को मिनी-हॉलिडे में बदलने के लिए आदर्श जगह है, जहां यात्री शहर के जीवन की जीवंतता में डूब सकते हैं। अपनी ग्लोबल कनेक्टिविटी और विविध आकर्षणों के साथ, दुबई एक परफेक्ट स्टॉपओवर डेस्टिनेशन है, चाहे आपके पास एक रात हो या कुछ दिन। अगर आपका दुबई में केवल छोटा स्टॉपओवर है, तो आप इस समय का सबसे बेहतर उपयोग कर सकते हैं। दुबई में स्टॉपओवर जोड़ना बेहद आसान है। अगर आप एमिरेट्स के साथ उड़ान भर रहे हैं, तो आप आसानी से दुबई स्टॉपओवर बुक कर सकते हैं। एमिरेट्स आपकी हर जरूरत का ख्याल रखेगा, जैसे एयरपोर्ट पर ग्रीटिंग से लेकर 24-घंटे का चेक-इन, टूर, एक्सकर्सन और वीज़ा (यदि आवश्यक हो)। कुछ देशों में एमिरेट्स %दुबई एक्सपीरियंस% प्रोग्राम भी प्रदान करता है, जो आपकी यात्रा को कस्टमाइज करने में मदद करता है।

वीजा-फ्री एंट्री- दुबई 70+ राष्ट्रीयताओं के लिए वीज़ा-फ्री एंट्री प्रदान करता है। एमिरेट्स से यात्रा करने वालों को 96-घंटे का वीज़ा भी मिल सकता है। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (डीएक्सबी) पर आगंतुकों को मुफ्त सिम कार्ड मिलता है, जिसमें 24 घंटे के लिए 1त्नक्च डेटा उपलब्ध होता है। लगभग 90 किमी तक फैली, पूरी तरह से ऑटोमेटेड दुबई मेट्रो शहर को देखने का एक कुशल तरीका है। यह डीएक्सबी और प्रमुख जगहों व मॉल्स तक पहुंच प्रदान करती है। दुबई स्टॉपओवर पास समय और पैसे बचाने के लिए कुछ सबसे प्रतिष्ठित आकर्षण, पर्यटन और क्रूज़ को प्रीपेड आकर्षण पास में जोड़ता है। उन लोगों के लिए बिल्कुल सही है जो एक छोटे से स्टॉपओवर के दौरान दुबई को और अधिक देखना चाहते हैं, आप 36 घंटों में घूमने के लिए दो, तीन या चार आकर्षण चुन सकते हैं। वयस्कों के लिए कीमतें 349 दिरहम और बच्चों (तीन से 12 वर्ष की आयु) के लिए 279 दिरहम से शुरू होती हैं। सिटी साइटसीइंग आगंतुकों को दुबई में एक शानदार हॉप ऑन, हॉप ऑफ अनुभव प्रदान करता है, जिसमें चुनने के लिए कई पैकेज हैं और टिकट 12 महीने के लिए वैध हैं। दुबई में खरीदारी पर पर्यटक 5त्न वैट रिफंड का लाभ उठा सकते हैं। दुबई में देखने योग्य प्रमुख आकर्षणों में बुर्ज खलीफा, दुबई मॉल, अल फहीदी ऐतिहासिक पड़ोस, दुबई क्रीक, सुज बाजार, जुमेराह में बुर्ज अल अरब, एतिहाद म्यूज़ियम, आईएमजी वर्ल्ड्स ऑफ़ एडवेंचर, दुबई पार्क्स और भी बहुत कुछ शामिल हैं।

### तस्करों के निशाने पर यमुनानगर मे खैर के जंगल

**डेमोक्रेटिक फ्रंट छछरौली कोशिक खान.** यमुनानगर के जंगल खैर चोरों के निशाने पर है। पिछले 6 महीने में जंगलों में पेड़ों की चोरी के मामलों में इजाफा हुआ है। चोरी के मामले में हो रहे इस इजाफे का कारण स्टाफ की कमी ओर संवेदनशील जंगलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नये भर्ती हुए वन रक्षकों को देना है। यमुनानगर वन विभाग में पूरे जिले की चार रेंज में बांटा गया है जिसमें जगाधरी, छछरौली, कलेसर व सढौरा शामिल है। पिछले 6 महीने में चारों सभी रेंज के अंतर्गत आने वाली बीटो से कहीं ना कहीं जंगलों से बेश कीमती खैर के पेड़ों के अवैध कटान के मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि वन विभाग ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कराई है और कई मामलों में तो जंगलों से चोरी हुई लकड़ी को भी बरामद कर लिया है। फिर भी सवाल यह है कि आखिरकार जिस समय खैर तस्कर जंगल में प्रवेश कर जंगलों से पेड़ों को काटते हैं तो समय रहते आखिर क्यों नहीं रोका जाता। अधिकतर मामलों में पेड़ कटने के अगले दिन वन विभाग को पता चलता है कि जंगल से खैर के पेड़ चोरी हो चुके हैं। जब जंगलों से खैर के पेड़ों की चोरी होने का खुलासा होता है तो वन विभाग एफआईआर दर्ज करने व लकड़ी को बरामद करने के दावे करता है। एक जंगल पर एक वनरक्षक के साथ दो से तीन कच्चे कर्मचारियों को जंगलों की रखवाली के लिए रखा जाता है। उसके बावजूद भी खैर तस्कर जंगल में घुसकर पेड़ काट ले जाते हैं। तस्करों के साथ मुठभेड़ में कई बार वनरक्षक दरोगा व कर्मचारी घायल भी हो चुके हैं और उनके वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। खैर चोरी के मामलों में वन विभाग के कर्मचारी पुलिस विभाग का वन विभाग को सहयोग न करने का रोना भी रोते रहते है। वन विभाग के कर्मचारी कहते हैं कि जब खैर तस्करों के नाम लिखकर पुलिस को शिकायत दी जाती है तो पुलिस आधे से ज्यादा नामों जांच मे क्लीन चिट दे देती है। अधिकतर खैर तस्कर अनपढ़ होते हैं पर उनका दिमाग शातिर अपराधी से भी ज्यादा तेज चलता है। पुलिस जांच के कई मामलों में सामने आया है कि खैर तस्कर जो मोबाइल नंबर और फोन इस्तेमाल करते हैं वह उस फोन को ज्यादातर घर पर ही रख कर जाते हैं।

## ज्योतिष से जानिए चरित्र और भाग्य

डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़

(ब्रह्मर्षि वैद्य पं. नारायण शर्मा कौशिक विनायक फीचर्स)

ज्योतिष शास्त्रानुसार मानव एवं प्राणी मात्र की सूक्ष्म जानकारी, प्रकृति तथा व्यवहार-चरित्र चिन्तन ज्योतिष फलित सूत्रों से जाना जा सकता है। यह फलित योग जानने हेतु सूक्ष्म अध्ययन की आवश्यकता है तथा अनुभूत योगों के द्वारा घटनाओं की घोषणा तथा कुछ समय पश्चात उस स्थिति से प्रभावित होना पुष्टि होना माना जाता है। प्रस्तुत आलेख में स्त्री के उत्तम चरित्र संबंधी सूत्रों का बोध कराया गया है।

सच्चाई का जानना बुरा नहीं, स्त्री की जन्म कुण्डली में सही गणना मिले तो जानकारी होती है।

इसी क्रम में ज्योतिष सिद्धांत सूत्र- जातक परिजातानुसार कतिपय योग लिखे जा रहे हैं।

सप्तम भाव में गुरु हो तथा उस पर शुक्र व बुध की दृष्टि है तो स्त्री पतिवल्लभा एवं साध्वी होती है।

सप्तमेश- शुक्र के साथ हो तथा दोनों पर गुरु की दृष्टि हो तो स्त्री पतिव्रता होती है।

सप्तमेश- गुरु के साथ हो तथा दोनों पर शुक्र की दृष्टि हो तो स्त्री पतिव्रता होती है।

गुरु लग्न में, एकादश या तृतीय भाव में बैठकर सप्तम भाव को देखे तो स्त्री पतिव्रता होती है।

ज् सप्तमेश केन्द्र में शुभ ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो स्त्री पति परायणा होती है।

सप्तमेश सप्तम भाव में हो तथा उस पर पाप ग्रहों का प्रभाव नहीं हो तो स्त्री सुशीला एवं पतिव्रता होती है।

गुरु सप्तम भाव में हो, लग्नेश बली हो तथा शुक्र चर राशि (1,4,7,10) में हो तो स्त्री सुन्दर, पतिव्रता तथा पति में आसक्त होती है। सप्तमेश गुरु हो (मिथुन या कन्या लग्न में) तथा शुक्र या बुध की दृष्टि गुरु पर हो तो स्त्री सुन्दर, दयावती तथा सच्चरित्रा होती है। यदि सप्तम भाव की नवांश राशि का स्वामी शुभ ग्रह हो तो ऐसी स्त्री पतिव्रता होती है।

यदि चन्द्रमा से सप्तम भाव में शुभ ग्रह हो तो स्त्री सच्चरित्र होती है।

यदि लग्नेश या लग्न के नवांश का स्वामी शुभ ग्रह हो तो स्त्री चरित्रवान होती है।

चतुर्थ भाव में शुभ ग्रह हो तो स्त्री सच्चरित्रा होती है।

यदि गुरु उच्च का स्वराशि (कर्क, धनु, मीन) में त्रिकोण (5,9) या केन्द्र (1,4,7,10) में हो तो स्त्री शील युक्त साध्वी, सुपुत्रा, धनी एवं गुणी होती है।

कर्क लग्न हो, सूर्य सप्तम में मकर राशि में हो, सप्तमस्थ सूर्य पर गुरु की दृष्टि हो (एकादश, लग्न या तृतीय भाव से) तो स्त्री विदुषी व श्रेष्ठ पुत्र युक्त, सुलक्षणा होती है।

सूर्य, मंगल की युति के साथ गुरु के साथ हो तो स्त्री उत्तम वक्ता एवं सत्यनिष्ठा होती है।

गुरु, शुक्र व शनि की वृत्ति से स्त्री शिष्ट, धनी, समृद्ध तथा प्रसिद्धि प्राप्त करती हैं।

चंद्र, बुध व गुरु की युति हो तो स्त्री विख्यात, समृद्ध व सुखी तथा पति का भी भाग्योदय करती है।

गुरु और शुक्र की युति से स्त्री प्रतिभाशाली, श्रेष्ठ एवं समृद्ध होती है।

गुरु से केंद्र में चन्द्रमा और शुक्र हो तो ऐसी स्त्री निर्धन के घर जन्म लेकर भी रानी तुल्य सुख प्राप्त करती है।

गुरु के साथ सूर्य व बुध हो तो स्त्री धनी तथा बुद्धिमान तथा कवियित्री होती है।

लग्नस्थ बुध स्त्री को गुणज्ञ बनाता है।

स्त्री की लग्न कुण्डली में बुध व शुक्र लग्न में हो तो ऐसी स्त्री आकर्षक, कलाविज्ञ तथा पतिप्रिया होती है। (विनायक फीचर्स)

## उत्थान संस्थान के दिव्यांग बच्चो ने ओम का उच्चारण कर मनाया अंतराष्टीय गीता जयंती महोत्सव



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** उत्थान संस्थान की कोशिश ईकाई के दिव्यांग बच्चो ने अंतर्राष्टीय गीता जयंती पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपाई ने सभी को गीता जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मान्यता है कि जिस दिन श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था उस दिन मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी थी, इसीलिए इस दिन को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है। गीता जयंती के दिन उपवास करने से मन पवित्र होता है और शरीर स्वस्थ रहता है।कहा जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धर्म और कर्म को समझाते हुए उपदेश दिया था। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण के द्वारा जो उपदेश दिए गए उसे गीता कहा जाता है। गीता के उपदेश में जीवन जीने, धर्म का अनुसरण करने और कर्म के महत्व को समझाया गया है।गीता ही एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसकी हर साल जयंती मनाई जाती है।आगे महान शिक्षाविद् डॉक्टर पी के बाजपई ने कहा कि गीता को श्रीमद्भगवद्गीता और गीतोपनिषद के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्त कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा बताए गए उपदेशों पर चलने से व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है। इसलिए इस दिन गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। श्रीमद्भगवद्गीता दुनिया का इकलौता ऐसा ग्रंथ है जिसकी जयंती मनाई जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि गीता का जन्म स्वंय भगवान श्री कृष्ण के मुख से हुआ है। गीता में वर्णित एक-एक श्लोक भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकले हैं, इसलिए गीता जयंती मनाई जाती है।संस्थान के प्रधानाचार्या रविंद्र मिश्रा जी ने ओम शब्द का महत्व बताते हुए कहा की सनातन धर्म में ओम को बहुत प्रभावशाली माना जाता है। ओम को ब्रह्मांड की आवाज़ भी कहा जाता है।ओम को शांति का प्रतीक माना जाता है।ओम के जाप से शारीरिक और मानसिक शांति मिलती है।ओम के जाप से एकाग्रता और याददाश्त बढ़ती है. ओम के जाप से तनाव और अनिद्रा जैसी समस्याओं से भी मुक्ति मिलती है। वैदिक चिंतन में ओम को परमात्मा का सर्वोत्तम नाम माना जाता है। सभी वैदिक मंत्रों की शुरुआत ओम से ही होती है।वेदों की ऋचाएं और श्रुतियां ओम के उच्चारण के बिना पूरी नहीं होतीं।सभी के लिए ओम शब्द का जाप करने का बहुत बड़ा महत्व है। ओम की ध्वनि व्यक्ति के आत्मा में गहरायी से पहुंचती है जिससे उसके चेतना पर एक अद्भुत प्रभाव पड़ता है। इस पर कई अनुसंधान हो चुके हैं। प्रयोगों के दौरान एमआरआई की रिपोर्ट से साफ है कि ओम या ऊं शब्द सिर्फ सुनने से दिमाग के दाएं और बांए हिस्से दोनों पर प्रभाव पडता है, दोनो हिस्से सक्रिय होते हैं।

# एक नजर

## श्री चरण छो गंगा खुरालगढ़ के वर्तमान अध्यक्ष सुरिंदर कुमार छिंदा को अध्यक्ष पद से किया बर्खास्त



डेमोक्रेटिक फ्रंट होशियारपुर ( तरसेम दीवाना ) आदि धर्म गुरु संत सरवन दास, संत सतविंदर हीरा राष्ट्रीय अध्यक्ष आदि धर्म मिशन, वरिंदर बंगा महासचिव, अजीत राम खेतान अध्यक्ष, बलबीर धादरा महासचिव, प्रीतम दास मल्ल राष्ट्रीय अध्यक्ष सेवा दल, निरपिंदर कुमार पंजाब अध्यक्ष अखिल भारतीय आदि धर्म मिशन (रजि.) भारत और श्री गुरु रविदास महाराज जी द्वारा स्पर्श की गई भूमि एक ऐतिहासिक स्थान है। चरणछोह गंगा श्री खुरालगढ़ साहिब प्रबंधक कमेटी में बड़ी संख्या में मौजूद पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से वर्तमान अध्यक्ष सुरिंदर कुमार उर्फ छिंदा को गुरुघर मे कब्जा करने के आरोप में अध्यक्ष पद से बर्खास्त करने और 6 साल के लिए मिशन से बर्खास्त करने का प्रस्ताव पारित करके मिशन से बाहर निकाल दिया गया

## फोड़ देई मेरी मटकी ओ कान्हा..... गीत पर गीता जयंती समारोह में खूब झूमे जिलावासी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 पंचकूला में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों ने हरियाणवीं, हिन्दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। शिव शक्ति एंड पार्टी के कलाकारां ने गीता पर आधारित हरियाणवी रागियां प्रस्तुति की। पार्टी के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण व राधा की लीलाओं का प्रस्तुत किया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुति में गाए गए गीत फो? देई मेरी मटकी ओ कान्हा पर खूब वाहवाही लूटी। प्रस्तुति ने दर्शाकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद शिव शक्ति के विवाह का मंचन और सुंदर प्रस्तुति ने समां बांधा। राधा-कृष्ण की लीलाओं पर आधारित प्रस्तुति व हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुत देकर गीतामय माहौल बना दिया। अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने बताया कि गीता जयंती कार्यक्रम गीता ज्ञान को घर-घर तक पहुंचाने का सबसे अच्छा साधन है, जो हर उम्र के लोगों को प्रेरित करेगा। भारत की सामाजिक व्यवस्था एवं धर्म स्थापना में हरियाणा का विशेष स्थान रहा है। यह धरती हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने का महत्वपूर्ण केंद्र है। हरियाणा में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म एवं मानवीय जीवन मूल्यों का जो उपदेश दिया था, वह सदियों तक मानव जाति का मार्गदर्शन करता रहेगा। जो भी व्यक्ति गीता का अध्ययन करेगा, निश्चित रूप से वह हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेगा। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 की प्राचार्या रिचा सेतिया, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार, एओ संजय कौशिक, संस्कृत आचार्य कमेलश, कल्चरल कोर्डिनेटर के नोडल दीपा रानी, मंच संचालक सुशील कुमार मौजूद रहे।

## प्रश्नोतरी प्रतियोगिता व श्लोकाच्चारण प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों व टीमों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 पंचकूला चल रही तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में लगाई गई प्रदर्शनी का समापन हुआ। तीन दिनों के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों और आयोजन में सहयोग करने वाले कॉलेज, स्कूल व अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 पंचकूला की प्राचार्या रिचा सेतिया, डीआईपीआरओ राजेश कुमार, एओ संजय कौशिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता व श्लोकाच्चारण प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों व टीमों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर मनोबल बढ़ाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेण्ड स्कूल सेक्टर-26, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेण्ड स्कूल सेक्टर-20, राजकीय सीनियर सेकेण्ड स्कूल सेक्टर-19, राजकीय सीनियर सेकेण्ड स्कूल सेक्टर-6, राजकीय सीनियर सेकेण्ड स्कूल सेक्टर-7, राजकीय सीनियर सेकेण्ड स्कूल रामग?, पीएमश्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सेक्टर-15, सार्थक स्कूल सेक्टर-12ए स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिन्हें सम्मानित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्चरल कोर्डिनेटर के नोडल दीपा रानी, मंच संचालक सुशील कुमार, सिलोनी गर्ग, धनश्याम शर्मा, ग्रुरप्रीत कौर, रजनीश कुमार, चारू शर्मा, नवतिन्द्र पाल कौर, मनोज कुमार, राजीव कुमार, शिव आशीष दत्ता, प्रवीन चौहान, असमीना, जिला विज्ञान विशेषज्ञ पूजा, प्रवक्ता मनोविज्ञान गीता को स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

# उत्पादों पर प्रस्तावित 35 प्रतिशत जीएसटी अवैध व्यापार को बढ़ावा देगा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** तम्बाकू और वातित पेय जैसे उच्च-कर उत्पादों पर प्रस्तावित 35 प्रतिशत जीएसटी स्लैब प्रतिकूल है और भारत की अर्थव्यवस्था, रोजगार और तंबाकू नियंत्रण प्रयासों के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है। सिगरेट पर उच्च कर उपभोक्ताओं को सस्ते, गैर कानूनी /अवैध विकल्पों की ओर ले जायेंगे और तस्करी के बाजार को बढ़ावा मिलेगा। भारत का वैध सिगरेट उद्योग कुल तम्बाकू खपत का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा बनाता है, लेकिन तम्बाकू कर राजस्व का 80 प्रतिशत योगदान देता है, उच्च करो और बढ़ते अवैध व्यापार इस उद्योग के लिए बढ़ा खतरा है। 2012-2017 के बीच उत्पाद शुल्क दरों में 15.7 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि से सिगरेट कर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, इसके बाद 2017 में 20 प्रतिशत, 2020 में 13 प्रतिशत और 2023 में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस आक्रामक कराधान ने वैध सिगरेट को असहनीय बना दिया है, जिससे उपभोक्ता तस्करी के बाजार की ओर बढ़ रहे हैं। भारत में अब चौथा सबसे बड़ा अवैध सिगरेट बाजार है, जिससे सरकार को सालाना 21,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, जबकि कुल अवैध तंबाकू बाजार का मूल्य 30,000 करोड़ रुपये से अधिक है। यूरोमॉनीटर इंटरनेशनल और अल्वारेज़ एंड मार्सल (2024) के अध्ययनों के अनुसार, भारत में, 90 प्रतिशत तंबाकू उपभोक्ता 0.50 रुपये से 4 रुपये प्रति यूनिट की रेंज में उत्पाद खरीद सकते हैं, जिससे वे कम गुणवत्ता वाले सस्ते तंबाकू के पक्ष में अत्यधिक कर वाले उत्पादों को छोड़ देते हैं। तस्करी की गई सिगरेटों की वृद्धि ने भारत में उगाए जाने वाले तंबाकू की मांग को कम कर दिया है, जिससे नौकरियां चली गई हैं और किसानों की आय में गिरावट आई है। 2013 से 2023 तक, तंबाकू उत्पादन में गिरावट के परिणामस्वरूप 238 मिलियन मानव-दिनों का रोजगार खत्म हो गया। तंबाकू कर राजस्व (2022-23) में 72,000 करोड़ रुपये और विदेशी मुद्रा (2023-24) में 12,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है। एसोचैम के अनुसार, यह क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था में 17 लाख करोड़ रुपये जोड़ता है, जिसमें इसका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान शामिल है। भारत में खपत होने वाले तम्बाकू का अधिकांश हिस्सा (68 प्रतिशत) असंगठित क्षेत्र से आता है, जो छूट या चोरी के कारण बहुत कम या बिल्कुल भी कर नहीं देता है, जिससे विनियमन मुश्किल हो जाता है। वैध सिगरेट उद्योग और बीड़ी और धुआँ रहित खंडों का एक छोटा हिस्सा संगठित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इन खंडों में भी, कर-भुगतान करने वाले निर्माता गैर-अनुपालन करने वाले खिलाड़ियों की तुलना में वंचित हैं। तम्बाकू के पत्तों पर जीएसटी के रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत कर लगाया जाता है, लेकिन बीड़ी और धुआँ रहित उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले गैर-एफसीवी तम्बाकू अक्सर विनियमन से बचते हैं। एफसीवी तम्बाकू की तरह इन तम्बाकू को विनियमित करने से उन्हें पूरी तरह से कर के दायरे में लाने में मदद मिलेगी। भारत के उच्च सिगरेट करों ने अवैध व्यापार को बढ़ावा दिया है और स्थानीय समुदायों को नुकसान पहुँचाया है। कराधान के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण कानूनी बाजार को बहाल कर सकता है, अवैध व्यापार को कम कर सकता है और सरकारी राजस्व को बढ़ा सकता है।

# निसान ने सीनियर मैनेजमेंट में नियुक्तियों का एलान किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** निसान मोटर कंपनी लिमिटेड ने नई लीडरशिप टीम की नियुक्ति का एलान किया है। सीनियर मैनेजमेंट (वरिष्ठ प्रबंधन) के स्तर पर की गई नई नियुक्तियां 1 जनवरी से प्रभावी होंगी। निसान अपनी एफिशिएंसी और रेजिलिएंस को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने हाल ही में आमूलचूल बदलाव करने (टर्नअराउंड एक्शंस) का एलान किया था। इन बदलावों के तहत ऐसे कदम उठाए जाने हैं, जिनसे कंपनी के पूरे ऑपरेशंस को रीस्ट्रक्चर किया जा सके। इसी दिशा में 1 दिसंबर से प्रभावी चीफ परफॉर्मेंस ऑफिसर (सीपीओ) की नियुक्ति और उसके बाद की नियुक्तियों का उद्देश्य मैनेजमेंट की रीस्ट्रक्चरिंग करना है, जिससे मौजूदा मसलों पर तत्काल कदम उठाए जा सकें। अप्रैल, 2025 में निसान अपने प्रबंधन में कुछ और बदलाव करेगी। इससे एक ऐसा स्पष्ट स्ट्रक्चर बनेगा, जिससे कारोबारी माहौल में आ रहे बदलावों पर लचीले तरीके से और तत्काल प्रतिक्रिया देना संभव होगा।

मौजूदा चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) स्टीफन मा को चीन के लिए मैनेजमेंट कमेटी का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। वह चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) मकोतो उचिदा को रिपोर्टिंग करते रहेंगे। स्टीफन मा के पास चीन को लेकर व्यापक अनुभव एवं जानकारी के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर नेतृत्व का भी अनुभव है। इस अनुभव के साथ वह इस क्षेत्र में भविष्य की रणनीतियों को आकार देने और स्थानीय स्तर पर परिचालन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। अमेरिका के लिए मैनेजमेंट कमेटी की मौजूदा चेयरपर्सन जेरेमी पापिन को सीएफओ के पद पर नियुक्ति दी गई है। इस भूमिका में वह सीईओ उचिदा को रिपोर्ट करेंगी। मौजूदा भूमिका से पहले पापिन ने निसान एवं अलायंस के साथ कई साल फाइनेंस, स्ट्रेटजी और बिजनेस डेवलपमेंट पर काम किया है। पापिन ने ऑटोमोटिव सेक्टर पर फोकस करते हुए 10 साल से ज्यादा समय तक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग में भी काम किया है। क्रिस्टियन म्यूनीर निसान से जुड़े हैं और उन्हें अमेरिका के लिए मैनेजमेंट कमेटी का चेयरपर्सन बनाया गया है। वह चीफ परफॉर्मेंस ऑफिसर (सीपीओ) गुइलॉम कार्टियर को रिपोर्ट करेंगे। इससे पहले वह जीप के सीईओ के रूप में काम कर चुके हैं और स्टेलांटिस की एक्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य भी रहे हैं। निसान यूएस, कनाडा, ब्राजील एंड ग्लोबल इन्फिनिटी के साथ पहले भी नेतृत्वकारी भूमिका में रह चुके क्रिस्टियन म्यूनीर एक बार फिर मार्केटिंग एवं सेल्स के व्यापक अनुभव के साथ निसान से जुड़े हैं। अभी चीफ ब्रांड एंड कस्टमर ऑफिसर (सीबीसीओ) और जापान / आसियान के लिए मैनेजमेंट कमेटी के चेयरपर्सन के रूप में काम कर रही असाको होशिनो जापान / आसियान के ऑपरेशंस की देखरेख की अपनी भूमिका से रिटायर हो रही हैं। वह सीबीसीओ के रूप में काम करती रहेंगी, जहां उनका फोकस ब्रांड एवं कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर करने पर होगा। उनके प्रयासों से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि निसान ब्रांड के साथ ग्राहकों का जुड़ाव एवं उनकी संतुष्टि का स्तर बढ़े, जिससे बाजार में निसान की मौजूदगी मजबूत हो। शोहेई यामाजाकी अभी चीन के लिए मैनेजमेंट कमेटी के चेयरपर्सन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, उन्हें जापान / आसियान के लिए मैनेजमेंट कमेटी का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। बेहद प्रतिस्पर्धी चीन के बाजार को लेकर उनके अनुभव जापान / आसियान में उनकी भूमिका में सहायक होंगे। इससे उन्हें इस क्षेत्र में निसान की मौजूदगी बढ़ाने में मदद मिलेगी। नई भूमिका में वह सीपीओ कार्टियर को रिपोर्ट करेंगे। इन बदलावों को लेकर निसान के प्रेसिडेंट एवं सीईओ मकोतो उचिदा ने कहा, 'इन नियुक्तियों से हमारे उन प्रयासों को जरूरी अनुभव की ताकत मिलेगी, जो कंपनी को फिर से विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए आवश्यक हैं। अपनी लीडरशिप टीम के सहयोग से हम भविष्य के विकास पर फोकस करने के साथ-साथ सतत लाभ सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदमों को सुगमता के साथ आगे बढ़ाने में सक्षम हो सकेंगे। इससे हम सावधानी के साथ अपने टर्नअराउंड एक्शंस (आमूलचूल बदलाव के कदम) को क्रियान्वित कर सकेंगे।'

## सैकड़ों स्कूली विद्यार्थियों ने एक मिनट में एकसाथ किया अष्टादश श्लोकी गीता का उच्चारण

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 पंचकूला में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के अंतिम दिन अष्टादश श्लोकी गीता का आयोजन किया गया। कुरूक्षेत्र के ब्रहम सरोवर और थीम पार्क के कार्यक्रम को जिला स्तरीय गीता जयंती में लाइव दिखाया गया। अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची। जिन्होंने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मौजूद सैक?ों स्कूली विद्यार्थियों ने एक मिनट में एकसाथ अष्टादश श्लोकी गीता का उच्चारण किया। कार्यक्रम में पहुंचे विद्यार्थियों को गीता की पुस्तकें वितरित की गई। इससे पहले उपस्थिति ने हरियाणा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का सम्बोधन भी सुना। अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने कहा कि गीता एक पुस्तक नहीं बल्कि महाग्रंथ है। जीवन की हर समस्या का समाधान इसमें खोजा जा सकता है। यह जीवन जीने की कला सिखाती है। विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के अलावा गीता का अध्ययन कर उसमें दिखाये रास्ते पर चलना चाहिये। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिये संस्कृति और संस्कारों को ब?ावा देना जरूरी है। कामयाबी के लिये धैर्यवान, साहसी और कर्तव्यनिष्ठ होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ समय निकाल कर गीता का भी अध्ययन करना चाहिये।

## गरीब बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की


**डेमोक्रेटिक फ्रंट जीरकपुर मुकेश चौहान.** जनकल्याण के क्षेत्र में अग्रणी माइक्रोन पृथ्वी फाउंडेशन ने बुधवार को एकेडमी में प्रवासी व गरीब बच्चों को खाना खिलाया गया और उनके स्वास्थ्य की जांच भी की गई। इस अवसर पर डा. भारत शर्मा ने बताया कि बच्चों में कई तरफ की दिक्कत पाई गईं जिनमें अनीमिया की दिक्कत सबसे ज्यादा थी देखी गई। उन्होंने बच्चों और उनके पेरेंट्स को एनीमिया से संबंधित जानकारी दी। उनके सहायक जयवीर सिंह ने बताया कि बच्चों के लिए कुछ करने में बहुत अच्छा लगता है। कार्यक्रम में मौजूद सोमबीर सिंह मान ने बताया कि माईक्रोन पृथ्वी फाउंडेशन कई सालों से लगातार खाना खिलाने और चिकित्सा जांच का कार्य कर रहा है। आज भी इसी मुहिम के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर और भोजन का आयोजन किया गया।

# अश्व सी शक्ति व अच्छी नींद का पावर हॉउस है अश्वगंधा : डॉ तृप्त झांग

## पश्चिमी देशों में धूम मचाने लगा है भारतीय हर्ब् अश्वगंधा, तनाव भगाने में जादू की तरह कर रहा असर

## अपने घरों की छत व बॉलकनी पर सजावटी पौधों के साथ साथ औषधीय पौधे लगाएं

## तुलसी, गिलोय, एलोवेरा , मोरिंगा जैसे औषधीय पौधे रखेंगे आपको निरोग




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** चंडीगढ़ व आस पास में औषधीय और जड़ी-बूटी क्षेत्र के प्रचार के लिए अकादमिक जागरूकता और औद्योगिक दृष्टिकोण पर दो दिवसीय तकनीकी सत्र का आयोजन एन आई टी टी टी आर में किया गया। इस सत्र में 100 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आयुर्वेद, शोध, और शिक्षा के क्षेत्र के विशेषज्ञों ने औषधीय और जड़ी-बूटी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

विभिन्न सेशन में आयुर्वेद में नवाचार की चर्चा हुई। धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. प्रगति कटारिया ने आयुर्वेदिक पद्धतियों में किए गए नवीन अनुसंधान साझा किए। उन्होंने पारंपरिक आयुर्वेदिक विधियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाई जा सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और औषधीय पौधे के विशेष सेशन में डिग्री कॉलेज, देहरी (कांगड़ा) के प्रिंसिपल डॉ. सचिन ने औषधीय पौधों को एनईपी के तहत शैक्षिक पाठ्यक्रमों में शामिल करने पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों में औषधीय पौधों की उपयोगिता और सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही। अश्वगंधा के पश्चिमी देशों में धूम मचाने व ग्लोबल मांग से अश्वगंधा-एक चमत्कारी औषधि पर आधारित विशेष सेशन आयोजित हुए ।

पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के डॉ. रामशंकर पाठक ने अश्वगंधा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने की चुनौतियों और अवसरों पर बात की। लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. झांग ने अश्वगंधा की खेती, कटाई के बाद प्रबंधन और मूल्य संवर्धन की तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। ट्रेनिंग प्रोग्राम के आयोजक रीजनल कम फैसिलिटेशन सेंटर नॉर्थ रीजन जोगिंदर नगर के रीजनल डायरेक्टर , आयुष मंत्रालय भारत सरकार डॉक्टर अरुण चंदन ने कहा की इस प्रयास ने नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों के बीच एकजुटता और सहयोग का आह्वान किया। आयुर्वेदिक औषधियों और जड़ी-बूटियों को शिक्षा और उद्योग से जोड़ने की यह पहल औषधीय क्षेत्र में सतत विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। अश्वगंधा जैसे औषधीय पौधों को शैक्षिक और औद्योगिक ढांचे में शामिल करने का मजबूत आधार तैयार किया गया।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी 22 को उकलाना क्षेत्र को देंगे विकास की सौगातः श्रीनिवास गोयल



**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना, जगदीश असीजा.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी 22 दिसंबर को दोपहर 01 बजे उकलाना की पुरानी अनाज मंडी में आयोजित एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाओं की घोषणा करेंगे। हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह है। उकलाना हल्के के विकास के लिए यह दौरा ऐतिहासिक साबित होगा। मुख्यमंत्री की जनसभा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उकलाना हल्के के सभी गांवों के ग्रामीणों को न्योता दिया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात दी जाएगी। श्रीनिवास गोयल ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। यह रैली क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की उकलाना रैली की तैयारियों को लेकर 12 दिसम्बर को सुबह 10 बजे किसान विश्राम उकलाना में उकलाना मंडल के कार्यकर्ताओं की, दोपहर 12 बजे गांव गैबीपुर में खरक मतलौडा मंडल के कार्यकर्ताओं तथा दोपहर बाद 2 बजे अग्रोहा में अग्रोहा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक होगी और जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए डयूटियां लगाई जाएंगी। श्रीनिवास गोयल ने बताया कि उसके बाद उकलाना हल्के के सभी गांवों के दौरे किये जायेंगे और लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में पहुंचने का न्यौता देंगे। श्रीनिवास गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा ने प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाई है।

# एचएसआईआईडीसी सेक्टर-6 पंचकूला में किया 47 कर्मचारियों ने रक्तदान







**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए एचएसआईआईडीसी सेक्टर 6 पंचकूला द्वारा इन-हाउस रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कैम्प का आयोजन श्री सुशील सारवान एमडी एचएसआईआईडीसी की प्रेरणा से हुआ। यह रक्तदान शिविर विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला के सहयोग से लगाया गया। कैम्प में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा पंचकूला का एहम योगदान रहा। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि शिविर के सफल आयोजन में एचएसआईआईडीसी से दिव्या कमल एचओडी पीएण्डए, विशाल मागों डीजीएम, रितू नैन मैनेजर, दिनेश कुमार मैनेजर, महेश पाठक एएम, रशपाल क्लर्क, उर्मिल देवी रीसेप्शनिस्ट व अन्य स्टाफ का सहयोग अति सराहनीय रहा। शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान करने के लिए पंजीकृत करवाया, 4 को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से रक्तदान करने के लिए विशेषज्ञों द्वारा मना कर दिया गया। 47 डोनर्स ने इंचार्ज ब्लड बैंक डॉक्टर अमित सम्मी की देखरेख में रक्तदान किया। डॉक्टर अमित सम्मी ने बताया की कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता प? जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरतमंद की मदद हो सकेगी। इस रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदानियों को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से रणधीर सिंह, सत्य भूषण खुराना, श्याम सुन्दर साहनी व अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### 101 छात्र छात्राओं को वितरित की जर्सियां



हरियाणा/ हिसार ( मुनिश सलूजा) = राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाज मंडी बरवाला के प्रांगण में जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में समाजसेवी बिशन प्रकाश ठेकेदार के दिशा निर्देशानुसार उनके पुत्र युवा समाजसेवी रविन्द्र और भतीजे राहुल तथा पारिवारिक सदस्य ठेकेदार वेद प्रकाश ने विद्यालय के 101 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सर्दी से बचाव हेतु जर्सियां वितरित की. युवा समाजसेवी रविन्द्र ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और शिक्षक आपके जीवन में सफलता के द्वार खोल सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मेहनत, लगन व ईमानदारी के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया. विद्यालय प्राचार्य सुभाष चंद्र बिश्नोई ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का सहयोग और सम्मान करने पर धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुभाष चंद्र बिश्नोई, मनोहर लाल ,सचेंद्र, कुलजीत, दया किशन गूदंली, लीलू राम, राजबीर, महीपाल, प्रदीप, ज्योत्सना, सुमन , मूर्ति, उमा,आरती, मीरा, रितु आहुजा, प्रकाशवती, रणधीर, शेखर, राजेश, अनिल, प्रवीन व विजेन्द्र समेत सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे.

### दिग्विजय राठी को वोट करने की अपील- पिता सुरेंद्र राठी और एम् के भाटिया का संदेश



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** पुरे देश व विशेषतया अपने होम टाउन पंचकूला और मुज़फ़्फ़र नगर की जनता से दिग्विजय राठी के पिता सुरेंद्र राठी और उनके मित्र समाजसेवी व उद्यमी एम् के भाटिया ने अपील की है कि वे बिग बॉस 18 में दिग्विजय राठी को विजेता बनाने के लिए अधिक से अधिक वोट करें। दिग्विजय राठी ने अपनी प्रतिभा, ईमानदारी और मजबूती के बल पर लाखों दिल जीते हैं। उनकी इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सुरेंद्र राठी और एम् के भाटिया ने लोगों से डिजिटल प्लेटफॉर्म Jio Cinema के माध्यम से उन्हें वोट देने का आग्रह किया है।

वोट देने की प्रक्रिया बेहद सरल है-

1. Jio Cinema ऐप खोलें।
2. "Bigg Boss 18 खोजें।
3. वोट ऑप्शन पर क्लिक करें।
4. "Digvijay Rathee" पर वोट करें।

भाटिया ने कहा की युवा दिग्विजय को जनता का सबसे प्रिय प्रतियोगी बनाने के लिए यह समय है कि हर व्यक्ति अपनी भूमिका निभाए। आइए, साथ मिलकर दिग्विजय राठी के सपने को पूरा करें।


### ट्राईसिटी में अस्पतालों के मरीजों को भोजन देगा अन्न रथ




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** अब ट्राईसिटी के सभी अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिए अन्न रथ सेवा शुरू की जाएगी। इन अस्पतालों में पीजीआई, चंडीगढ़, जीएमसीएच-32, सिविल अस्पताल पंचकूला, सिविल अस्पताल मोहाली के साथ ही टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर न्यू चंडीगढ़ शामिल हैं। इस सेवा का पोस्टर बुधवार को हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने लांच किया। यह सेवा समाज सेवी संस्था सरा-3 द्वारा शुरू की जा रही है। जिसका उद्देश्य मरीजों के साथ ही आने वाले उनके तीमारदारों को बेहतर और फ्री भोजन उपलब्ध करवाना है। पोस्टर लांच के मौके पर सरा-3 के अमित कुमार, अनिल कुमार और रेनू बाजपेयी मौजूद रहीं। इस बारे में सरा-3 के अमित कुमार ने हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि इसके लिए सारा फंड का खुद ही लगाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि यह बेहतर सेवा है, जिसके माध्यम से लोगों को अच्छा भोजन उपलब्ध करवाया जा सकेगा।

# संतोष गर्ग की पुस्तक सार का सार का विमोचन





**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** हैं जीवन का आधार कृष्ण, करते हैं बेड़ा पार कृष्ण....ऐसा कहना है कवयित्री संतोष गर्ग का, जिनकी सार का सार संपादित पुस्तक का विमोचन जूनापीठाधीश्वर आचार्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी एवं गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा श्री कृष्ण कृपा धाम में संपन्न हुआ। इस पुस्तक में देश-विदेश के 48 रचनाकारों की कविताएं, गीत व दोहों को प्रकाशित गया है। आचार्य स्वामी अवधेशानंद जी ने कहा कि गीता का वास्तविक उद्देश्य व्यवहार एवं अध्यात्म का समन्वय है। गीता मानव जाति को भयंकर नैतिक पतन से उबारने के लिए सच्चरित्रता और त्याग का महा संदेश देती है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि गीता एक उदार ग्रंथ है, गीता सबके लिए है जो किसी मजहब, जाति, वर्ग, वर्ण, संप्रदाय या मत- मतांतर आदि की संकीर्णताओं से बिल्कुल अतीत है। यह साक्षात ईश्वर की वाणी है।

गीता जयंती महोत्सव पर इस काव्य संकलन के प्रकाशित होने पर हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ कुलदीप अग्निहोत्री, निर्देशक डॉक्टर धर्मदेव विद्यार्थी, निदेशक डॉक्टर चंद्र त्रिखा ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कवयित्री संतोष गर्ग को बधाई शुभकामनाएं दी।

नवदीप बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस काव्य संकलन में चंडीगढ़ से प्रो.अलका कांसरा, डॉ सुनील बहल, डॉ विनोद शर्मा, एमएल अरोड़ा आदि, पंचकूला से डॉ नितिन गर्ग, कृष्णा गोयल आदि, मोहाली से दर्शना पाहवा, नीलम नारंग, नेहा शर्मा आदि के साथ ही ग्रेट ब्रिटेन से सुरेश पुष्पाकर, जापान से सुदेश नूर, अमेठी से शिवचरण शुक्ला, कुरुक्षेत्र से डॉक्टर उषा लाल, कविता रोहिला, श्रीनगर कश्मीर से ऋषिका वर्मा, जींद से अकादमी निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, शकुंतला काजल शकुन, नरवाना से डॉक्टर जगदीप राही, इंदौर से डॉ. योगेंद्र नाथ शुक्ला, बरेली यूपी से विनय सागर जायसवाल, हिसार से नरेश कुमार शर्मा, मंडला मध्य प्रदेश से योगिता चौरसिया, हिमाचल से डॉ अशोक पण्ड्या, सागर सिंह भूरिया, भिवानी से डॉक्टर महेश कौशिक, डॉ मनोज भारत, गाजियाबाद से बीएल गुप्ता, सिरसा से डॉ शील कौशिक, डॉ राजकुमार निजात, यमुनानगर से डॉक्टर उमेश प्रताप सिंह, अंबाला से राजेंद्र रैना, कैथल से डॉ. तेजिंदर शर्मा, मधु गुप्ता आदि की रचनाएं प्रकाशित की गई हैं

## जन्मजात हार्ट डिफेक्ट से पीड़ित महिला को नया जीवन मिला





**डेमोक्रेटिक फ्रंट अमृतसर.** जन्मजात हार्ट डिफेक्ट से पीडति दो बच्चों की मां जम्मू की एक महिला को हाल ही में लिवासा अस्पताल अमृतसर में एक दुर्लभ जटिल हृदय सर्जरी के बाद नया जीवन मिला। महिला जो भी है दो बच्चों की माँ , को जन्मजात हार्ट डिफेक्ट था। उसके हार्ट वाल्व और एओर्टा (महाधमनी) जन्म से ही छोटे थे। 2011 में, जब वह 18 साल की थीं, तब वरिष्ठ निदेशक कार्डियक सर्जरी डॉ. पंकज गोयल ने उनका ऑपरेशन और जटिल वाल्व सर्जरी की थी। बदला गया वाल्व पिग टिशू से बना था। इसके लिए किसी खून को पतला करने वाली दवा की जरूरत नहीं पड़ी, जिससे वह सामान्य वैवाहिक जीवन जी सकीं । हालाँकि, इस वाल्व का जीवन 10-12 वर्ष का था। हाल ही में महिला को सांस लेने में बढ़ती तकलीफ की शिकायत हुई। वाल्व फिर से सिकुड़ गया था और कैल्शियम जमा होने के कारण सख्त हो गया था। एक बहुत ही दुर्लभ और जटिल प्रक्रिया एपिको-ऐऑर्टिक कंड्यूट की गयी। डॉ. पंकज गोयल ने कहा कि यह एपिको एओर्टिक कंड्यूट सर्जरी का पहला मामला है, जो अमृतसर क्षेत्र के किसी भी अस्पताल द्वारा पहली बार किया गया है। सर्जरी के बाद महिला महिला के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ।



## प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने भाजपा नेताओं के साथ किया रैली स्थल का निरीक्षण और दिए आवश्यक दिशा निर्देश

डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना. जगदीश असीजा पुरानी अनाज मंडी उकलाना में भाजपा की ओर से 22 दिसंबर को धन्यवाद रैली की जाएगी। पूर्व मंत्री एवं उकलाना से पार्टी के उम्मीदवार रहे अनूप धानक रैली के संयोजक होंगे। मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि उकलाना में होने वाली रैली की तैयारियां शुरू कर दी गई है। रैली के प्रति पार्टीजनों व आम जनता में भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि रैली की तैयारियों के चलते पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया एवं भाजपा नेताओं ने रैली स्थल का जायजा लिया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पुरानी अनाज मंडी में बैठक भी और आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया के साथ जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, रैली संयोजक पूर्व मंत्री अनूप धानक, वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, जिला उपाध्यक्ष मीना शर्मा, जिला सचिव डॉ. वैभव बिदानी, संदीप गोयल, रामफल नैन, बहादुर सिंह नंगथला, मंडल अध्यक्ष सुमित लितानी, अग्रोहा मंडल अध्यक्ष सुशील रेड्डू व खरक मतलोढ़ा मंडल अध्यक्ष दिलबाग सुभाष मावलिया धूप सिंह थाकन जसवीर श्योराण विनोद कुमार आरजू थाकन सहित उकलाना विधानसभा से प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 'वंदे भारत एक्सप्रेस' में छूटे महिला यात्री का बैग लौटाकर अपना कर्तव्य निभाया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो ( रघुनंदन पराशर ).** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि गा?ी संख्या 22488 (अमृतसर -दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस) में कोच सी-5 की सीट नंबर 54 पर एक महिला यात्री यात्रा कर रही थीं। उस महिला यात्री को अमृतसर से दिल्ली तक जाना था। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उतरने के दौरान वह अपना बैग ट्रेन में ही भुल गई तथा टिकट चैकिंग स्टाफ श्री अनंत कुमार (मुख्यालय अमृतसर) ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उतरने के दौरान इसे देखा। टिकट चैकिंग स्टाफ श्री अनंत कुमार ने अविलंब उस सीट पर यात्रा कर रही महिला रेल यात्री का मोबाइल नंबर, हैंड हेल्ड टर्मिनल के माध्यम से ढूँढ कर उनसे संपर्क किया। तब महिला यात्री ने बताया कि गलती से मेरा बैग ट्रेन की सीट पर छूट गया था, जिसमें एक लैपटॉप, जरूरी दस्तावेज तथा कुछ किताबें थीं। टिकट चैकिंग स्टाफ श्री अनंत कुमार ने सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कर यात्री को उनका बैग सपुर्द कर दिया। यात्री ने रेलवे तथा टिकट चेकिंग स्टाफ की सराहना की और भारतीय रेल का आभार व्यक्त किया। इस घटना के बाद वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने श्री अनंत कुमार को इस सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र देने की घोषणा की ताकि अन्य टिकट चेकिंग स्टाफ भी प्रेरित होकर सराहनीय कार्य करें।

## हिंगलाज माता के मंदिर स्थापना दिवस पर हुआ हवन यज्ञ तथा कीर्तन का आयोजन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना. जगदीश असीजा.** नजदीक के गांव सनियाना में माता हिंगलाज माता मंदिर की स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ तथा कीर्तन का आयोजन हुआ। हवन यज्ञ में आहूजा परिवार की अतिरिक्त क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष पहुंचे हुए थे वहीं माता हिंगलाज के भक्ति दुर्गा राज से भी पहुंचे हुए थे जिन्होंने मां हिंगलाज के कार्यक्रम में अपनी हाजिरी लगाई वही प्रेम सागर कालरा ने सत्संग में गुरु और दान के महत्व बारे भी बताया उन्होंने कहा की दान हमेशा योग्य जगह पर दिया जाए तो उसका सदुपयोग होता है और पापों का नाश होता है वहीं उन्होंने कहा दान संकल्प करने के बाद वापस कभी ना लें वहीं उन्होंने कहा कि गुरु अगर अच्छा है गुरु के प्रति अगर निष्ठा थोड़ी सी भी कम हुई तो वह प्राप्त नहीं हो सकता जो उसको चाहिए ।उन्होंने दोस्त का वर्णन करते हुए कहा कि जहां दो सत्य है वह दोस्त है। उन्होंने परमात्मा के प्रति आस्था का विवरण किया। माता मनसा देवी मंदिर से पहुंचे पंडित रणधीर शर्मा ने कहा की माता हिंगलाज 51 दिव्या पीठ में से एक है । बलूचिस्तान जो मौजूदा पाकिस्तान में वहां इसकी शक्तिपीठ है वैदिक एवं सनातन संस्कृति के माध्यम से आज कार्यक्रम हुआ है। कार्यक्रम के बारे में श्यामलाल शर्मा ने कहा मां हिंगलाज देवियों में से एक है और इस स्वरूप को मानते हुए अरोड़ा वंश समाज की कुलदेवी है विभाजन के दौरान जब यहां समाज के लोग आए और अब यहां भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है इसके दर्शन करने से भी जीवन का कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि समाज की मां हिंगलाज कुलदेवी है। इसका आशीर्वाद जरूर ले ।कार्यक्रम में सतीश आहूजा मुकेश आहुजा दयानंद आहूजा बिट्टू नागपाल नरेश आहूजा डॉ शमी नागपाल उषा अनेजा कुलदीप सिंह संदीप यादव अशोक डावर राजेश मित्तल सविंदर सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।




ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES

SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies

CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers

1 FREE DEMO CLASS

CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS

For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities

Contact:
8194959372

# एंटी नारकोटिक्स सेल ने हेरोइन तस्कर को किया काबू

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस कमिश्नर श्री राकेश कुमार आर्य, भा.पु.से. ने जिला में नशा पर पुर्ण रूप से लगाम लगाने हेतु कड़े निर्देश दिए है। इसके अलावा जिला को नशा मुक्त बनाने को लेकर 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान' के तहत जिला में लोगों को नशे से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। साथ ही ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए है। दिनांक 10.12.2024 को इन्चार्ज एंटी नारकोटिक्स सेल उप निरीक्षक भीम सिंह की टीम ने हेरोइन तस्करी के मामलें में 1 आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राहुल पुत्र रमेश कुमार वासी गाँव नरड जिला कैथल हाल किरायेदार बिटना सियुडी कालका उम्र 30 साल क रुप में हुई है। पुलिस को गुप्त सुत्र से सूचना मिली कि एक राहुल नामक व्यक्ति जो कि जिला कैथल का स्थाई निवासी है और कुछ सालों से कालका मे किराये पर रहता है। आरोपी कालका-पिंजौर के एरिया मे (नशीला पदार्थ) हेरोइन की सप्लाई करता है और आज अपने किसी ग्राहक को कालका क्षेत्र में श्री राधे श्याम गऊशाला के पास हेरोइन सप्लाई करने आएगा। जिसके आधार पर एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने बताये गए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को घेरा ड़ालकर काबू किया। पूछताछ करने पर आरोपी की पहचान राहुल पुत्र रमेश कुमार वासी गाँव नरड जिला कैथल हाल किरायेदार बिटना सियुडी कालका उम्र 30 साल के रूप में हुई है।

तलाशी लेनें पर आरोपी के पास से 6.95 ग्राम हेरोइन व 1500 रुपये नगदी बरामद की गई। जिस बारे पूछताछ करने पर आरोपी कोई लाइसेंस आदि पेश नहीं कर सका। आरोपी के खिलाफ थाना कालका में एनडीपीएस की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया । आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com